दिन–मंगलवार दिनांक– 21 / 05 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

प्रदेश में छठे और सातवें चरण के लिए चुनाव प्रचार अभियान तेज हो गया है। विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता और स्टार प्रचारक अपने–अपने उम्मीदवारों के लिए समर्थन जुटाने में लगातार चुनावी सभा, रैली और रोड–शो कर रहे हैं। मोतिहारी में एनडीए गठबंधन के प्रत्याशी राधा मोहन सिंह के समर्थन में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित करते हुये भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि कांग्रेस एक वंशवादी पार्टी है और यह सिर्फ एक परिवार के हित के लिए है। श्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने महात्मा गांधी के सत्याग्रह और स्वच्छता के विचारों की भी तिलांजली दे दी है। उन्होंने कहा कि भाजपा बापू के सपनों का पूरा करने का काम कर रही है। श्री मोदी ने कहा कि एनडीए सरकार का हर घर शौचालय उपलब्ध कराने का विचार बापू के स्वच्छाग्रह के विचार से प्रेरित है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने सीवान जिले के गोरियाकोठी में एनडीए गठबंधन के जर्नादन सिंह सिग्रीवाल और विजयलक्ष्मी देवी के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि इंडी गठबंधन सांप्रदायिक, जातिवादी और वंशवादी गठबंधन है। उन्होंने कहा कि यह गठबंधन लोक कल्याण के लिए काम नहीं कर सकता है। श्री मोदी ने कहा कि इस गठबंधन का मुख्य उद्देश्य अपने परिवार को बढावा देना है।

———————————————————

भाजपा के वरिष्ठ नेता और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का आज पूर्वी चंपारण के सुगौली में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ संवाद का कार्यक्रम है। श्री चौधरी रक्सौल बाजार में एनडीए प्रत्याशी राधा मोहन सिंह के पक्ष में रोड–शो करेंगे। इधर, राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव और विकासशील इंसान पार्टी के प्रमुख मुकेश सहनी आज सीवान, वाल्मीकिनगर, पूर्वी चंपारण, शिवहर और वैशाली लोकसभा क्षेत्रों में चुनावी सभाओं को संबोधित कर रहे हैं। वाम दल भाकपा, माकपा और माले के वरिष्ठ नेता इंडी गठबंधन के उम्मीदवारों के समर्थन में अनेक स्थानों पर जन सम्पर्क और जनसभा कर रहे हैं।

———————————————————

भाजपा की वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन ने बिहार में पर्याप्त औद्योगिक विकास नहीं होने के लिए कांग्रेस और राजद की नीतियों को

जिम्मेदार बताया है। पटना में संवाददाताओं से बातचीत करते हुये वित्त मंत्री ने कहा कि केन्द्र की एनडीए सरकार राज्य के औद्योगिक विकास के लिए प्रतिबद्ध है और इसके लिए लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले दस वर्षों के कार्यकाल में राज्य को करों में सात लाख करोड़ रूपये से अधिक की हिस्सेदारी दी गयी है। साथ ही बिहार को दी जाने वाली पैकेज राशि में भी साढ़े तीन गुना से अधिक का वृद्धि की गयी है।

———————————————————————

सारण जिले के छपरा नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत भिखारी ठाकुर चौक के पास दो राजनीतिक दलों के समर्थकों के बीच आज सुबह हुयी झड़प और गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत हो गयी, जबकि दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। पुलिस अधीक्षक गौरव मंगला ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि पूरे इलाके में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। घटना का कारण चुनावी रंजिश बताया जा रहा है। जिला प्रशासन ने किसी भी तरह के अफवाह को फैलने से रोकने के लिए छपरा में दो दिनों तक इंटरनेट सेवा बंद कर दी गयी है।

———————————————————————

राजधानी पटना समेत राज्य के अधिकतर भागों में चक्रवातीय परिसंचरण के कारण हुई हल्की वर्षा के बाद तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस तक की कमी दर्ज की गयी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य के उत्तर–पश्चिम, उत्तर–मध्य और दक्षिण बिहार के कई स्थानों पर हल्की वर्षा दर्ज की गयी है। सबसे अधिक छियालीस मिलीमीटर वर्षा जमुई में रिकॉर्ड की गयी। वहीं, झाझा में चौवालीस दशमलव आठ मिलीमीटर और वाल्मीकिनगर में सत्ताईस मिलीमीटर वर्षा हुई है। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले पांच दिनों तक राज्य के अधिकतर भागों में हल्की से मध्यम स्तर की वर्षा की सम्भावना है। इस दौरान राज्य के उत्तर–मध्य और पूर्वी भागों में कुछ स्थानों पर वज्रपात की आशंका को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

———————————————————————

पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की आज तैंतीसवीं पुण्य तिथि बलिदान दिवस के रूप में मनाई जा रही है। इस अवसर पर पटना स्थित प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम समेत विभिन्न स्थानों पर लोगों ने दिवंगत नेता को श्रद्धासुमन अर्पित किये। समस्तीपुर के मथुरापुर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रक्तदान शिविर का आयोजन किया।

———————————————————————

रोहतास जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र अन्तर्गत मदैनी मिनी पावर स्टेशन में विद्युत सप्लाई लाईन ठीक करने के दौरान करंट लगने से एक विद्युत कर्मी की मौत हो गयी। घटना से आक्रोशित कर्मियों ने मुआवजे की मांग को लेकर पोस्ट ऑफिस चौक पर प्रदर्शन किया।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।